संख्या- 92 /2026/ 854 /चार-2026-1700661

प्रेषक,

मनोज कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय,
लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग

लखनऊ: दिनांक 24 मार्च, 2026

विषय:- राज्य संग्रहालय लखनऊ परिसर में निर्मित प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के भवन निर्माण एवं इंटीरियर एक्जीबिट कार्य हेतु अवशेष धनराशि की स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1222/उ0प्र0सं0नि0-1(56)/2017-18-चतुर्थ दिनांक 16 मार्च, 2026 के संबंध में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या- 138/2024/ 897/चार-2024 दिनांक 15 मार्च, 2024 द्वारा राज्य संग्रहालय लखनऊ परिसर में नवनिर्मित प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के नये संग्रहालय भवन के इंटीरियर एक्जीबिट कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि पर आकस्मिक व्यय, अधिष्ठान व्यय, लेबर सेस एवं 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 आदि की कुल धनराशि रू0 272.29 लाख को सम्मिलित करते हुए प्रायोजना हेतु रू0 2483.05 लाख की संशोधित प्रशासकीय स्वीकृति निर्गत की गयी है। प्रश्नगत परियोजना हेतु अब तक रू0 2439.05 लाख की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार परियोजना- राज्य संग्रहालय लखनऊ परिसर में नवनिर्मित प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के भवन निर्माण एवं इंटीरियर एक्जीबिट कार्य हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवशेष धनराशि रू0 44.00 लाख (रू0 चौवालीस लाख मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबंधों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

(1) उक्त स्वीकृत धनराशि आहरित कर परियोजना की कार्यदायी संस्था- यू0पी0 स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0, (यूपीसिडको) लखनऊ को उपलब्ध करायी जायेगी।
(2) स्वीकृत धनराशि के आहरण/व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या -6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
(3) शासनादेश संख्या- 56 /2025/ 415 /चार-2025-1700661 दिनांक 07 फरवरी, 2025, शासनादेश संख्या- 138/2024/897/चार-2024 दिनांक 15 मार्च, 2024, शासनादेश संख्या- 79/2024/547/चार-2024 दिनांक 07 फरवरी, 2024, शासनादेश संख्या- 134/2023/692/चार-2023 दिनांक 21 मार्च, 2023, शासनादेश संख्या- 225/2022/3028/चार-2022 दिनांक 30 दिसम्बर, 2022, शासनादेश संख्या- 83/2022/413/चार-2022 दिनांक 27 मार्च, 2022, शासनादेश संख्या- 143/2021/1524/चार-2021 दिनांक 31 अगस्त, 2021, शासनादेश संख्या- 162/2020/1840/चार-2020 दिनांक 23 दिसम्बर, 2020 तथा शासनादेश संख्या- 60/2020/2927/चार-2019 दिनांक 20 फरवरी, 2020 में उल्लिखित शर्तें यथावत् रहेंगी।
(4) उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ द्वारा समस्त औपचारिकतायें एवं वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(5) प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/ मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/ मद हेतु किया जायेगा।
(6) प्रश्नगत स्वीकृति उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय/ कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर दी जा रही है, यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय/ कार्यदायी संस्था का होगा।
(7) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय- समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

3. इस संबंध में होने वाला व्यय **रुपये 44,00,000/- (रुपये चौवालीस लाख मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे **अनुदान संख्या** 092 **लेखा शीर्षक** 4202041061100 प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, लखनऊ **मानक मद** 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय - व्ययक) अनुभाग - 1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या -6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

संख्या- 92 /2026/ 854 (1) /चार-2026-1700661 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- प्रबंध निदेशक, यू0पी0 स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0, यूपीसिडको, लखनऊ।
4- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
6- वित्त एवं लेखाधिकारी, उ0प्र0 संग्रहालय निदेशालय, लखनऊ।
7- प्रभारी, प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय, लखनऊ।
8- अधिशासी अभियन्ता, यू0पी0 स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि0, यूपीसिडको, लेखराज मार्केट, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
9- आहरण एवं वितरण अधिकारी- संग्रहालयाध्यक्ष, लोक कला संग्रहालय, लखनऊ।
10- वित्त (लेखा) अनुभाग-1/वित्त (ई-7) अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
11- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
मनोज कुमार
अनु सचिव।

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।